भारत सरकार

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्याः †6026

उत्तर देने की तारीख 01 अप्रैल, 2026 (बुधवार)

11 चैत्र, 1948 (शक)

प्रश्न

उत्तर पूर्व उद्यम निधि का समुचित उपयोग

†6026. **श्री तापिर गावः**

क्या **उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान उत्तर पूर्व उद्यम निधि (एनईवीएफ) के अंतर्गत वित्तपोषित स्टार्टअपों और उद्यमों की राज्यवार संख्या कितनी है;

(ख) निधि के अंतर्गत उक्त अवधि के दौरान स्वीकृत की गई और संवितरित की गई निवेश की कुल धनराशि कितनी है;

(ग) निधि के अंतर्गत सहायता प्राप्त उद्यमों का व्यावसायिक-क्षेत्रवार वितरण क्या है; और

(घ) उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में निधि के माध्यम से सहायता प्राप्त उद्यमों द्वारा सृजित रोजगारों की संख्या कितनी है?

उत्तर

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास राज्य मंत्री

(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान एनईवीएफके अंतर्गत वित्तपोषित स्टार्टअप और उद्यमों की संख्या का राज्य-वार विवरण नीचे दिया गया है:

क्र.सं .	**राज्य**	**वित्तपोषित स्टार्टअप की संख्या**			**कुल**
		वित्त वर्ष 2023-24	**वित्त वर्ष 2024-25**	**वित्त वर्ष 2025-26**	
1.	अरुणाचल प्रदेश	1	0	0	1
2.	असम	10	1	3	14
3.	मणिपुर	1	1	1	3
4.	नागालैंड	2	1	0	3
कुल		14	3	4	21

(ख) वित्त वर्ष 2023-24 से वित्त वर्ष 2025-26 की अवधि के दौरान, एनईवीएफके तहतनिवेश के लिए कुल 11.52 करोड़ रुपये की सैद्धांतिक मंज़ूरी दी गई है। इसके अलावा, पिछले तीन वर्षों के दौरान विभिन्न स्टार्टअप को 16.76 करोड़ रुपये संवितरित किए गए हैं, जिसमें पिछले वर्षों से स्टार्टअप के लिए मंज़ूर की गई लेकिन अभी तक संवितरित न की गई शेष राशि भी शामिल है।

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान, इस निधि के तहत सहायता प्राप्त उद्यमों/स्टार्टअप का सेक्टर-वार वितरण नीचे तालिका में दिया गया है:

क्र.सं .	**सेक्टर**	**उद्यमों/स्टार्टअप की संख्या**
1	खाद्य उत्पाद	4
2	ईकॉमर्स-	3
3	होटल, रेस्तरां और मनोरंजन	1
4	कृषि और संबद्ध गतिविधियाँ	1
5	जैव प्रौद्योगिकी	1
6	एयरोस्पेस और रक्षा	1
7	पर्यटन और आतिथ्य	1
8	मीडिया और मनोरंजन	1
9	निर्माण और इंजीनियरिंग	1
10	स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकी	1
11	अन्य	6
	कुल	21

(घ) पूर्वोत्तर क्षेत्र में इस निधि के माध्यम से सहायता-प्राप्त उद्यमों द्वारा सृजित प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगारों की संख्या लगभग 10,000 है।

*****